पीईटी परीक्षा: डीएम ने परखीं व्यवस्थाएं

देवरिया। प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद



है। रविवार को जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने जनपद के कई परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत जानी। डीएम ने पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज, महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज तथा बाबा राघव दास इंटर कॉलेज स्थित केंद्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा कक्षों में परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता, प्रवेश द्वारों पर सुरक्षा जांच और अभ्यर्थियों के सुगम आवागमन की व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों से परीक्षा संचालन को लेकर विस्तृत जानकारी ली और पेयजल, प्रकाश व शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता भी परखी।नकलविहीन और पारदर्शी परीक्षा प्रशासन की प्राथमिकता- डीएम निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों व केंद्र प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने में किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि सीसीटीवी कैमरों के जरिए

♦ सीसीटीवी से निगरानी और नकलविहीन परीक्षा कराने के सख्त निर्देश

हर कक्ष और परिसर पर लगातार पैनी नजर रखी जाए। केंद्रों के बाहर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहें, ताकि परीक्षार्थियों के प्रवेश व निकास के समय अव्यवस्था न फैले। परीक्षा केंद्रों के मुख्य मार्गों पर यातायात प्रबंधन चुस्त-दुरुस्त रखा जाए, जिससे अभ्यर्थियों को जाम का सामना न करना पड़े। डीएम ने दो टूक कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप परीक्षा को पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी बनाना प्राथमिकता है, इसमें लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

आईजीआरएस शिकायतों में लापरवाही पर नपेंगे थानेदार

देवरिया। जनशिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि शिकायतकर्ता असंतुष्ट रहा तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई तय है। वहीं आगामी त्योहारों को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी जाए और सोशल मीडिया पर भ्रामक या भड़काऊ पोस्ट डालने वाले युवाओं के गैंग को चिन्हित कर सीधे सलाखों के पीछे भेजा जाए। यह कड़े निर्देश पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर ने रविवार को पुलिस लाइन सभागार में आयोजित समीक्षा गोष्ठी के दौरान दिए। एसपी ने माह अगस्त, सितंबर और अक्टूबर में जनशिकायतों व आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने शिकायतों के फीडबैक पर गहरी नजर डालते हुए असंतुष्ट फीडबैक वाले मामलों को गंभीरता से लिया। मातहतों को फटकार लगाते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजों पर खानापूरी के लिए न हो, बल्कि मौके पर जाकर निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण जांच करें। शिकायतकर्ता को की गई कार्रवाई से भी अनिवार्य रूप से अवगत कराएं। त्योहार रजिस्टर अपडेट करें, संवेदनशील इलाकों में रहे अतिरिक्त सतर्कता आगामी



♦ त्योहारों पर हुड़दंगियों और सोशल मीडिया गैंग पर पुलिस की पैनी नजर♦पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में ली समीक्षा बैठक, जनसुनवाई और त्योहारों की सुरक्षा के दिए कड़े निर्देश♦सोशल मीडिया पर सक्रिय अराजक तत्वों और इंस्टाग्राम आईडी की बनेगी कुंडली

धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाईदूज और छठ महापर्व को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को सुरक्षा खाका तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने थानों के त्योहार रजिस्टर की समीक्षा करते हुए कहा कि पूर्व में सामने आए विवादों और स्थानीय संवेदनशीलताओं को ध्यान में रखकर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाए। इंस्टाग्राम आईडी और नवयुवकों के गैंग पर विशेष नजर एसपी ने सोशल मीडिया पर हथियारों के प्रदर्शन, विवादित पोस्ट व नवयुवकों द्वारा बनाए गए गैंग्स की समीक्षा की। उन्होंने उपलब्ध सूची और उनकी इंस्टाग्राम आईडी की गहन पड़ताल के निर्देश देते हुए कहा कि आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त तत्वों का तथ्यात्मक सत्यापन कर तत्काल कानूनी कार्रवाई करें। न्यायालय से संबंधित लंबित मामलों के निस्तारण में भी तेजी लाने के निर्देश दिए गए।बैठक में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी (सीओ) और सभी थानों के प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्ष उपस्थित रहे। एसपी ने दो टूक कहा कि त्योहारों में शांति व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले किसी भी सूरत में बख्शे नहीं जाएंगे।

पीईटी की परीक्षा सकुशल संपन्न 74 प्रतिशत अभ्यर्थी रहे उपस्थित

खुखुन्दू (देवरिया)। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (PSSSC) द्वारा आयोजित प्रारंभिक



अर्हता परीक्षा (क्ष्धज्ञ) स्थानीय परीक्षा केंद्र शिवाजी इंटर कॉलेज में शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न हो गई। परीक्षा केंद्र व्यवस्थापक आलोक राय ने जानकारी दी कि इस परीक्षा में कुल 74 प्रतिशत अभ्यर्थी उपस्थित रहे।परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई थी, जिसमें दोनों पालियों को मिलाकर कुल 768 परीक्षार्थियों को शामिल होना था। प्रथम पाली में पंजीकृत 384 अभ्यर्थियों में से 302 और द्वितीय पाली में 384 में से 282 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। इस प्रकार दोनों पालियों को मिलाकर कुल 768 परीक्षार्थियों में से 584 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि कुल 184 अभ्यर्थी अनुपस्थित दर्ज किए गए।प्रशासन द्वारा नकलविहीन और निष्पक्ष परीक्षा संपन्न कराने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए थे। केंद्र व्यवस्थापक ने बताया कि सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित होने के कारण परीक्षा बिना किसी बाधा के सफलतापूर्वक संपन्न हो गई।

ट्रैफिक माह का आगाज: रडार इंटरसेप्टर से नपेंगे ओवरस्पीड वाहन

देवरिया। जिले की सड़कों पर सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करने और सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के उद्देश्य से रविवार को जनपद में %यातायात माह, नवम्बरङ्क2026% का विधिवत आगाज हुआ। पुलिस कार्यालय परिसर से पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर ने हरी झण्डी दिखाकर यातायात जागरूकता रैली को रवाना किया। रैली पुलिस कार्यालय से शुरू होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए यातायात कार्यालय पर संपन्न हुई। इस दौरान पुलिसकर्मियों और होमगार्ड जवानों ने तख्तियों और नारों के जरिए आमजन को सुरक्षित व सुगम यातायात के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में एएसपी उत्तरी आनन्द कुमार पाण्डेय, सीओ नगर संजय कुमार रेड्डी, सीओ यातायात सतेन्द्र कुमार राय और यातायात प्रभारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।जनपद देवरिया पुलिस व यातायात विभाग के संयुक्त नेतृत्व में महीने भर चलने वाले इस अभियान के तहत जागरूकता के साथ-साथ कड़े प्रवर्तन (इन्फोर्समेंट) की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर ने अभियान की रूपरेखा साझा करते हुए स्पष्ट किया कि इस बार नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्ती बरती जाएगी। उन्होंने कहा कि पूरे माह विभिन्न आयु वर्ग के लोगों, खास तौर पर युवाओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही काली फिल्म चढ़ी गाड़ियों, बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों, नो-पार्किंग में खड़े वाहनों और अन्य उल्लंघनों पर लगातार कार्रवाई



♦ बिना लाइसेंस स्कूल जाने वाले छात्रों पर एफआईआर अभिभावक भी नहीं बचेंगे

जारी रहेगी। हाई-टेक रडार इंटरसेप्टर से ओवरस्पीड वाहनों पर शिकंजा एसपी ने बताया कि इस वर्ष अभियान की खास ताकत जनपद को मिला नया इंटरसेप्टर वाहन है। इस वाहन में आधुनिक रडार तकनीक फिट है, जो काफी दूर से ही तेज रफ्तार वाहनों की गति को ट्रैक कर लेगी। इसके जरिए वाहनों को बिना रोके ही स्वत: चालान जारी हो जाएगा। पुलिस इसका व्यापक स्तर पर इस्तेमाल कर ओवरस्पीडिंग पर नकेल कसेगी। सुरक्षित स्कूल% विशेष अभियान- नाबालिगों ने चलाई गाड़ी तो सीज, अभिभावकों पर दर्ज होगा केस यातायात माह के दौरान छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के मद्देनजर देवरिया पुलिस एक विशेष अभियान—%सुरक्षित स्कूल%—चलाने जा रही है। एसपी ने चिंता जताई कि हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के नाबालिग छात्र बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के अनाधिकृत तरीके से दोपहिया व चारपहिया वाहन लेकर स्कूल पहुंच रहे हैं। इस पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने दो चरणों की रणनीति तैयार की है। प्रथम चरण (शुरुआती दो सप्ताह)- पुलिस स्कूलों के साथ समन्वय बनाकर अभिभावकों से संपर्क साधेगी और उन्हें जागरूक करेगी कि वे अपने नाबालिग बच्चों को वाहन न सौंपें। द्वितीय चरण (अंतिम दो सप्ताह)- यदि कोई भी नाबालिग बिना लाइसेंस वाहन चलाते हुए पकड़ा गया, तो वाहन को तत्काल सीज किया जाएगा। इसके अलावा मोटर व्हीकल (एमवी) एक्ट की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए संबंधित अभिभावकों की भी जवाबदेही तय की जाएगी।

मेडिकल कॉलेज में युवक ने तोड़ा दम

दुदही (कुशीनगर)। विशुनपुरा थाना क्षेत्र के बतरौली धुरखड़वा गांव निवासी 20 वर्षीय युवक की रविवार सुबह गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान मौत हो गई। घरेलू विवाद के बाद युवक द्वारा कथित तौर पर कोई पदार्थ खा लेने की बात सामने आई है। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया, वहीं गांव में शोक का माहौल है।मिली जानकारी के अनुसार, बीते 29 अक्टूबर को घर में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद विकास पुत्र परमानन्द ने कथित तौर पर कोई पदार्थ खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे पडरौना स्थित मेडिकल कॉलेज ले गए। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। उपचार के बाद रविवार सुबह लगभग आठ बजे विकास ने दम तोड़ दिया।घटना की सूचना पर पहुंची गोरखपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। थानाध्यक्ष विशुनपुरा ने बताया की मामला संज्ञान में आया है लेकिन को तहरीर कोई नहीं आयी है।

विश्व हिंदू महासंघ की बैठक: मथुरा प्रांतीय अधिवेशन की तैयारियों पर मंथन

देवरिया। सनातन संस्कृति के संरक्षण, हिंदू समाज की एकजुटता और जनहित के संकल्प को लेकर विश्व हिंदू महासंघ की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 16, 17 एवं 18 नवंबर को मथुरा में आयोजित होने वाले त्रिदिवसीय प्रांतीय अधिवेशन की रूपरेखा और तैयारियों पर मुख्य रूप से विचार-विमर्श किया गया। बैठक को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए नीरज शाही ने कहा कि संगठन को धरातल पर और अधिक सशक्त बनाने, सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार को गति देने तथा सामाजिक व जनहित से जुड़े मुद्दों पर निरंतर सक्रिय रहने की जरूरत है।मथुरा अधिवेशन को ऐतिहासिक बनाने की रणनीति विशिष्ट अतिथि व मंडल प्रभारी बृजेश तिवारी ने मथुरा प्रांतीय अधिवेशन को लेकर विस्तृत कार्ययोजना साझा की। उन्होंने कहा कि अधिवेशन में संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही संगठन की विचारधारा और सेवा प्रकल्पों को जन-जन तक पहुंचाने का खाका खींचा गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला प्रभारी सुभाष तिवारी भी उपस्थित रहे। सनातन धर्म हमारे संस्कारों का आधार- जिलाध्यक्ष बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष संजय तिवारी ने कहा कि सनातन धर्म केवल आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारी सभ्यता, संस्कृति, संस्कार और जीवन मूल्यों की नींव है। भावी पीढ़ी को अपनी समृद्ध विरासत से जोड़ना तथा समाज में आपसी समरसता और एकता को मजबूत करना संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता का प्राथमिक दायित्व है। बैठक का संचालन जिला महामंत्री मृत्युंजय कुमार सिंह 'गुड्डू पहलवान' ने किया। बैठक में गंगा सागर पाण्डेय, महेश मिश्रा, अशोक यादव, प्रेम प्रकाश चौरसिया, धनेश मद्धेशिया, अखिलेश मिश्रा, पवन पांडेय, जय राम तिवारी, राधेश्याम तिवारी, बालेश्वर नाथ पांडेय, जयप्रकाश पांडेय, रमेश शर्मा, नरेंद्र मणि, संजय कुमार ठाकुर, रंजीत कुमार गौड़, कमलेश कुमार, राधाकांत पांडेय, रवि मद्धेशिया, अभिषेक विश्वकर्मा, मनोज मिश्रा, दिनेश मणि त्रिपाठी, जितेंद्र यादव, बलवंत सिंह, उत्कर्ष पांडेय, गिरिजेश तिवारी, आदि मौजूद रहे।

किसानों को अनुदान पर मिल रहा आलू और रबी की सब्जियों का बीज

देवरिया। उद्यान विभाग की ओर से किसानों को अनुदानित दर पर आलू और रबी की सब्जियों के बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जिला उद्यान अधिकारी संदीप कुमार गुप्त ने बताया कि आलू की कुफरी सिंदूरी और कुफरी संगम प्रजाति का 120 कुंतल बीज राजकीय पौधशाला, भुजौली कॉलोनी से वितरित किया जा रहा है। इस पर शासन की ओर से एक हजार रुपये प्रति कुंतल का अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आधारित प्रथम श्रेणी के आलू बीज की कीमत 2630 रुपये और ओवरसाइज बीज की कीमत 2040 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित है। हाल की बारिश को देखते हुए किसानों को बीज छायादार और हवादार स्थान पर रखकर अंकुरित करने की सलाह दी गई है। मौसम साफ होने के बाद खेत तैयार कर बीज शोधन के उपरांत बुवाई करें। इसके अलावा सब्जी मटर की पांच प्रजातियों सहित मेथी, मूली, धनिया, पालक और राजमा के बीज भी अनुदानित दर पर उपलब्ध हैं। इनकी कीमत 85 से 325 रुपये प्रति किलोग्राम है। विभाग की ओर से करीब एक हजार किलोग्राम सब्जी बीज वितरित किया जा रहा है। बीज प्राप्त करने और योजनाओं की जानकारी के लिए किसान उद्यान निरीक्षक रणजीत यादव के मोबाइल नंबर 9918343346 पर संपर्क कर सकते हैं।

सड़क निर्माण की मांग को लेकर मोबाइल टावर पर चढ़ा युवक, तहसीलदार के आश्वासन पर उतरा नीचे

सेवरही,कुशीनगर।सड़क की बदहाल स्थिति से नाराज एक युवक रविवार को सड़क निर्माण की मांग को लेकर सरगटिया स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गया। युवक के टावर पर चढ़ने की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर सेवरही थाना प्रभारी मनोज कुमार वर्मा पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और युवक को सुरक्षित नीचे उतारने के प्रयास में जुट गए।जानकारी के अनुसार, रकबा दुलमा पट्टी निवासी मुनीब सैनी पुत्र श्रीकिशुन प्रसाद रविवार दोपहर करीब 12 बजे सरगटिया स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गया। उसकी मांग थी कि सेवरही नगर पंचायत के वार्ड नंबर एक ब्रह्मदेव गिरी नगर से पकड़ीहार पूरब पट्टी ग्रामसभा के रकबा दुलमा पट्टी टोला भगवानपुर तक जाने वाली सड़क का निर्माण कराया जाए।सड़क

♦ सेवरही के सरगटिया स्थित टावर पर चढ़कर जताया विरोध,छठ पूजा से पहले सड़क निर्माण कराने का सभासद ने दिया लिखित आश्वासन


की बदहाल स्थिति को लेकर कई बार मांग उठाने के बावजूद समाधान नहीं होने से नाराज होकर उसने यह कदम उठाया।मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी मनोज कुमार वर्मा ने युवक को समझाने-बुझाने का प्रयास किया,लेकिन मुनीब सैनी लिखित आश्वासन मिलने तक नीचे उतरने को तैयार नहीं था।इस दौरान वार्ड सभासद नगीना प्रसाद ने लिखित रूप से आश्वासन दिया कि छठ पूजा से पहले सड़क निर्माण कार्य पूरा करा दिया जाएगा। हालांकि,इसके बाद भी युवक अपनी मांग पर अड़ा रहा।इसी बीच सूचना पर तमकुहीराज तहसीलदार संदीप सिंह भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने मोबाइल फोन के माध्यम से युवक से बातचीत की और सड़क निर्माण को लेकर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।तहसीलदार के आश्वासन के बाद मुनीब टावर से सुरक्षित नीचे उतर आया। इसके बाद पुलिस और स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली।सड़क निर्माण की मांग को लेकर युवक का यह कदम पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

सड़क किनारे मिला अज्ञात युवती का शव, इलाके में फैली सनसनी

देवरिया। रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के कन्हौली गांव के पास 31 अक्टूबर को सड़क किनारे एक अज्ञात युवती का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवती की उम्र करीब 25 वर्ष बताई जा रही है। उसने सलवार-सूट पहन रखा था। स्थानीय लोगों के अनुसार, अज्ञात कार सवार युवती का शव सड़क किनारे फेंककर फरार हो गए। हालांकि, पुलिस ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। पुलिस के मुताबिक, डायल 112 के माध्यम से गांव के जंगल में महिला का शव पड़े होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। सीओ रुद्रपुर राजेश चतुर्वेदी ने बताया कि शव की शिनाख्त कराने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई


भाटपार रानी देवरिया। बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रतसिया कोठी, देवरिया में राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों इकाई के छात्र छात्राओं के द्वारा भारत के लौह पुरुष एवं महान स्वतंत्रता सेनानी सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई।इस अवसर पर सरदार पटेल जी के व्यक्तित्व, कृतित्व एवं राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को याद किया गया। देश की एकता एवं अखंडता को मजबूत करने तथा भारत की विभिन्न रियासतों के एकीकरण में उनकी ऐतिहासिक भूमिका को विशेष रूप से स्मरण किया गया।कार्यक्रम में महाविद्यालय के



प्राचार्य डॉ. राकेश रंजन एवं उपप्राचार्य श्री मुन्ना प्रसाद सहित मुकेश सिंह, अविनाश सिन्हा, राजेश सिंह, अनन्या सिंह, रागनी मिश्रा, डॉ. संगीता बरनवाल आदि उपस्थित रहे।इस अवसर पर वक्ताओं ने सरदार पटेल जी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता, अनुशासन एवं देशभक्ति की भावना अपनाने के लिए प्रेरित किया। उनके आदर्शों एवं विचारों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संदेश दिया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रीय चेतना, सामाजिक सद्भाव एवं एकता की भावना को मजबूत करना रहा।

राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा सकुशल सम्पन्न

पथरदेवा(देवरिया)-शहीद रामचन्द्र इण्टरमीडिएट कालेज बसन्तपुरधूसी तरकुलवा देवरिया में राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा सहकुशल सम्पन्न हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा.स्वतंत्र यादव ने कहा कि इस केन्द्र पर कुल 408 परीक्षार्थी पंजीकृत थे परीक्षा में कुल 368 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। परीक्षा में



कक्षा आठ में अध्ययनरत विद्यार्थी भाग लेते है और यह परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरान्त उन्हें भारत सरकार द्वारा छात्रवृत्ति दी जाती है। जनपद में कुल लगभग छ: परीक्षा केन्द्र बनाये गये थे जिसमें एक केन्द्र शहीद रामचन्द्र इण्टरमीडिएट कालेज को भी बनाया गया था।

नदी में उतराता मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

सलेमपुर (देवरिया)। एक व्यक्ति का शव नदी मे तैरता हुआ देख ग्रामीणों ने पीआरबी टीम को सूचना दी। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस और पीआरबी टीम ने नाव की मदद लेकर कड़ी मेहनत के बाद शव को नवलपुर घाट समीप एक किनारे पहुंचाया और उसे बाहर निकाला। शव के अत्यधिक फूल जाने और बदबू आने के कारण वहीं शरीर के कुछ हिस्सों के पानी के जानवरों द्वारा छत विक्षत कर देने के कारण उनकी पहचान नहीं हो सकी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम देवरिया उर्फ शामपुर गांव के शामपुर मोहल्ले मे रविवार सुबह ग्रामीणों ने पुलिस को नदी मे तैरते एक शव देख पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नाव और स्थानीय लोगो के जरिए शव को नदी के एक किनारे नवलपुर घाट समतल क्षेत्र पर लाए। मछलियों और नदी के अन्य जानवरों के आक्रमण कारण शव छत विक्षत हो गया था जिससे व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी हालांकि मृतक व्यक्ति के शव के जेब से एक मोबाइल फोन पुलिस को मिला है जिससे व्यक्ति की पहचान करने मे जुटी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए देवरिया मर्चरी हाउस भेज दिया। शव को देख सैकड़ों की संख्या मे ग्रामीण जुट गए और शव निकालते समय तमाशबीन बने रहे।

ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कमी नहीं उन्हे निखारने की जरूरत -रामजियावन मौर्य

पथरदेवा(देवरिया)। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी देवरिया डा.राम जियावन मौर्य ने कहा कि मैं सबसे पहले आर.डी.वी.सीनियर सेकेण्डरी स्कूल मठिया महावल महुआपाटन बाजार देवरिया के प्रबन्धक राधेश्याम कुशवाहा/श्रीमती किरन कुशवाहा को पटेल जयन्ती के अवसर पर बधाई दे रहा हूँ। उन्होंने कहा कि प्रबन्धक राधेश्याम कुशवाहा ग्रामीणांचल क्षेत्र में विद्यालय स्थापित करके विद्यार्थियों के प्रतिभा को निखारने का कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में प्रतिभा की कमी नही वल्कि गुरूजन विद्यार्थियों के प्रतिभा को निखारकर उन्हें उज्ज्वल भविष्य के तरफ ले जाये। आर.डी.वी.सीनियर सेकेण्डरी स्कूल मठिया महावल महुआपाटन बाजार देवरिया के प्रांगण में ओलंपियाड चैम्पियन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह को बतौर मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षाधिकारी देवरिया डा.रामजियावन मौर्य उपरोक्त उद्गार व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय को देखकर मुझे अपार हर्ष हुआ और विद्यालय के शिक्षण व्यवस्था के साथ अनुशासन देखकर मैं विद्यालय को स्थायी रूप से मान्यता दिया। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर बच्चों द्वारा योगा कार्यक्रम काफी सराहनीय रहा और मैं विश्वास दिलाता हूँ कि जब भी जिले स्तर पर कार्यक्रम होगा उस कार्यक्रम में इस विद्यालय के बच्चों द्वारा योगा कार्यक्रम निश्चित रूप से आयोजित होगा। श्री मौर्य ने कहा कि विद्यालय में हॉस्टल है जिसका नाम प्रबन्धक राधेश्याम कुशवाहा ने स्वामी विवेकानन्द रखा यह भी एक सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि सम्मानित व्यक्ति ही दूसरे को सम्मानित करने का सही तरीका जानता है। इस विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की भूमिका किताबी ज्ञान के अतिरिक्त बच्चों को अनुशासित करने के लिए अच्छी भूमिका निभा रहे है जो विद्यार्थियों के जीवन में काम आयेगा।



श्री मौर्य ने कहा कि कार्य कितना भी कठिन हो लेकिन व्यक्ति संघर्ष करे तो निश्चित ही उस मुकाम तक पहुंचेगा। समारोह के विशिष्ट अतिथि डा.निगम मौर्य अध्यक्ष वी.एड.विभाग बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुशीनगर ने कहा कि महुआपाटन की धरती पर आर.एस.कुशवाहा के पास हर दूसरे को मनमोहन करने का कला है। ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा की रोशनी जलाकर इस क्षेत्र के छात्र एवं छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य के तरफले जा रहे है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का नाम भी अजूबा है। स्वस्थ्य शरीर में स्वस्थ्य विकास का मार्ग प्रश्स्त होता है। विद्यालय में व्यवहारिक ज्ञान से शिक्षा दी जाती है। इस विद्यालय में तारा मण्डल बना है जो सराहनीय है। विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर डा.ज्ञान प्रकाश मंगलम् अध्यक्ष इतिहास विभाग बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुशीनगर ने कहा कि समारोह के अवसर पर जो बैनर बना है ओलंपियाड चैम्पियन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह के ऊपर लिखा है यू.कैन.डू एनिथिंग जिसका मूल अर्थ यह है कि व्यक्ति संघर्ष करते हुए दुनिया का हर कार्य सम्भव कर सकता है। खण्ड शिक्षाधिकारी गोपाल मिश्र ने कहा कि मैं जिला बेसिक शिक्षाधिकारी के साथ ही अन्य अतिथियों को विकास खण्ड तरकुलवा क्षेत्र में बतौर मुख्य अतिथि पधारने पर आप सभी को बधाई दे रहा हूँ। इस अवसर पर आर.डी.वी.एकेडमी के छात्र आलोक सिंह,आदर्श कुमार गुप्ता,कृष्णा निषाद एवं आर.डी.वी.सीनियर सेकेण्डरी स्कूल के छात्र रीदिमा यादव,पलक सिंह,संजना कुशवाहा को अतिथियों ने साईकिल देकर सम्मानित किया इसके उपरान्त विद्यालय के प्रबन्धक सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न एवं बुके देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रबन्धक राधेश्याम कुशवाहा के अति करीबी रामकृपाल कुशवाहा,प्रमोद सिंह,धर्मेन्द्र कुशवाहा,ज्वाय सर,दामोदर शाह,सन्त कुमार यादव,संजीव सिंह,कृष्णा वर्मा,रमानन्द,संदीप वर्मा, धर्मेन्द्र चौहान ,अखिल ,सतीश ,प्रियांशु ,सारिका, इसरावती, ज्योति ठाकुर,सिमि काजल,मनोज उपाध्याय, अजय यादव ,प्रज्ञा कुशवाहा, अवधेश यादव, सन्नी ,ओ.पी.,देवेन्द्र यादव ,रीमा सिंह, नीलम ,सुनीता मिश्रा,नैन्सी गुप्ता,रिया जायसवाल,रूदल कुशवाहा, हीरामन, प्रदीप कुमार,अरूण,सुचिता सिंह,अनुराग श्रीवास्तवा, सोनू दोनों विद्यालय के सभी शिक्षक/शिक्षिकाओं की भूमिका सराहनीय रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे इन्द्रजीत सिंह कुशवाहा,समाजसेवी फाजिलनगर ने कहा कि विद्यालय के विकास के लिए मेरा हर कदम हमेशा आगे रहेगा। प्रबन्धक राधेश्याम कुशवाहा ने आभार प्रकट किया। संचालन पत्रकार मनन्जय तिवारी ने किया।

पुलिस सहायता केंद्र में वर्दी पहनकर शराब पीने का वीडियो वायरल, जांच शुरू

देवरिया। जिले में पुलिस सहायता केंद्र के अंदर वर्दी पहनकर शराब पीने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में दो लोग वर्दी पहने केंद्र के अंदर बैठकर शराब पीते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद मामला चर्चा में है। इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक से फोन पर बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। सीओ को जांच सौंपी गई है। जांच में यह पता लगाया जा रहा है कि वीडियो में दिखाई दे रही वर्दी पुलिस विभाग की है या किसी अन्य विभाग की। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।